# पोषण, खाद्य सुरक्षा के लिए वेदांता की बड़ी पहल

**पोषण** बच्चों के बेहतर भविष्य, परिवारों की खुशहाली और देश के विकास की बुनियाद है। इस दिशा में वेदांता अपनी विभिन्न पहलों के जरिए महिलाओं, बच्चों, किसानों और समुदायों को जोड़कर पोषण, खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है।

इस प्रयास के केंद्र में नंद घर है। यह वेदांता की पहल है, जिसके तहत भारत के राज्यों में आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र चलाए जा रहे हैं। वेदांता ने दिल्ली हाफ मैराथन और जयपुर व उदयपुर सहित अन्य मैराथन में अपने '#RunForZeroHunger' अभियान के जरिए भूख मिटाने के प्रयासों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की है।

